खण्ड – 5 संख्या– 7,8,9

97
5/9/12

# नवम्

# बिहार विधान–सभा वादवृत्त

## भाग –2

## कार्यवाही प्रश्नोत्तर रहित

सत्यमेव जयते

शुक्रवार, दिनांक 29 अगस्त, 1986 ई०

सोमवार, दिनांक 01 सितम्बर, 1986 ई०

मंगलवार, दिनांक 02 सितम्बर, 1986 ई०

## (ङ) धान का बिचड़ा एवं राहत कार्य की माँग :

**श्रीमती हेमलता यादव :** अध्यक्ष महोदय, मधुबनी जिला अन्तर्गत फुलपरास थाना में गत भीषण वर्षा के कारण फूस थाना जलमग्न है। पूरा का पूरा घर गिर गया है। धान एवं भदई की फसल पानी में डूब कर बरबाद हो गयी है। राहत कार्य की कोई व्यवस्था नहीं की गयी है। लोगों में आक्रोश है। अतः धान के बिचड़े एवं राहत कार्य युद्धस्तर पर मुहैय्या करने हेतु मैं सरकार का ध्यान आकृष्ट करती हूँ।

## (च) नहर पुल का निर्माण :

**श्री रामदास राय :** अध्यक्ष महोदय, सारण जिला के तरैया प्रखण्ड के निपनिया में गंडक नहर पुल धंस गया है। कई गाँव जलमग्न हो गये हैं और आवागमन ठप्प हो गया है। सिंचाई विभाग इस नहर पुल का निर्माण युद्ध स्तर, पर निधि उपलब्ध कराकर कराये और आवागमन चालू करे।

## (छ) विश्वविद्यालय प्रयोगशाला सहायको की सेवा में विसंगति :

**श्री रामजतन सिन्हा :** अध्यक्ष महोदय, सरकार के आदेश के बाद भी प्रयोगशाला सहायकों को पटना एवं अन्य विश्वविद्यलयों द्वारा गलत वेतनमान देना, वेतन निर्धारण के बकाये राशि का भुगतान नहीं करना, तृतीय वर्गीय कर्मचारी (प्रयोगशाला) में कुछ को नया एवं कुछ को पुराना वेतनमान देना, प्रयोगशाला में बी०एन०कालेज एवं अन्य स्थानों पर काम कर रहे है कर्मचारियों के पद का सृजन